रेल गाड़ी चलने वाली है

प्रभु जी काया की बन गई रेल,
रेल गाड़ी चलने वाली है,
रेल गाड़ी चलने वाली है, रेल गाड़ी चलने वाली है....

हाथ पैर के पहिए बन गए,
दो नैनन के सिग्नल बन गए,
दिल का इंजन बना रेल गाड़ी चलने वाली है,
रेल गाड़ी चलने वाली है, रेल गाड़ी चलने वाली है....

हाथ पैर के पहिए ठुक गए,
दो नैनन के सिग्नल बुझ गए,
दिल का इंजन फेल रेल स्टेशन ठाडी है,
रेल गाड़ी चलने वाली है, रेल गाड़ी चलने वाली है....

लकड़ी की एक सैया बनवाई,
बाके ऊपर रेल चलाई,
कर सोलह सिंगार रेल कंधे पर जा रही है,
रेल गाड़ी चलने वाली है, रेल गाड़ी चलने वाली है....

लकड़ी की एक चिता बनाई,
बाके ऊपर रेल सुलाई,
चलती फिरती रेल आज होली सी जल रही है,
रेल गाड़ी चलने वाली है, रेल गाड़ी चलने वाली है....

कपड़े की एक थैली सिलवाई,
बीन बान बामें रेल गुसाईं,
नाती बेटा साथ रेल गंगा जी जा रही है,
रेल गाड़ी चलने वाली है, रेल गाड़ी चलने वाली है....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27015/title/railgadi-chalne-wali-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |